पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को शपथ ग्रहण पर दी बधाई

लखनऊः 11 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उपराष्ट्रपति पद पर निर्वाचित श्री जगदीप धनखड़ को आज पद की शपथ ग्रहण पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि श्री धनखड़ के रूप में देश को एक अनुभवी नेतृत्व प्राप्त हुआ है। उनके अनुभव का लाभ उच्च सदन को प्राप्त होगा। साथ ही एक किसान परिवार से उपराष्ट्रपति तक के सफर में सार्वजनिक जीवन की व्यापकता का ज्ञान, विधि एवं न्याय क्षेत्र में उनकी गहरी समझ से राष्ट्र निश्चित रूप से लाभान्वित होगा।

———

डॉ0 सीमा गुप्ता—सूचना अधिकारी/राजभवन (217/6)
सम्पर्क सूत्र— 8318116361